# मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की योजना में तेजी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की योजना में अब तेजी आएगी। इसे विकसित करने में तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने योजना की समीक्षा की। प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर कप्पा-टू में 174 एकड़ में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य माल ढुलाई को आसान बनाना है। मुख्य सचिव ने सेक्टर में सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।यहां भूखंड आवंटित करने के लिए 23 मई को योजना शुरू की गई थी।इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 जून थी। इसमें तीन कंपनियों, सुपर हैंडलर्स प्राइवेट लिमिटेड, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड व इंपेजर लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड ने आवेदन किए हैं।गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्राधिकरण के बोर्ड रूम में इन तीनों कंपनियों द्वारा तैयार किया गया प्रस्तुतिकरण देखा। अंतिम निर्णय मुख्य सचिव और नोएडा- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन की अध्यक्षता में गठित समिति लेगी।